## In the Court of District & Additional Sessions Judge-1st,

## SC/ST Case No. - 79/2025

**01.09.2025** सूचक की ओर से हाजरी दाखिल की गई, साथ ही फ्री सबूत दस्तावेज के साथ 12 फर्दो में आवेदन एवं ईलाज का कागजात का छायाप्रति दाखिल किया गया। देखा। इसे अभिलेख के साथ रखें।

सूचक के विद्वान अधिवक्ता को संज्ञान के बिन्दु पर सुना। संज्ञान के बिन्दु पर अभिलेख का अवलोकन किया। अभिलेख के अवलोकन से प्रतीत होता है कि अनुसंधानकर्ता द्वारा आरोप पत्र संख्या–21/2025, दिनांक 31.05.2025 के कंडिका–11 में नामित अभियुक्तगण 1. नवीन कुमार, 2. रंजन कुमार सिंह उर्फ धर्मराज कुमार 3. सुजीत कुमार के विरूद्ध धारा – 126, 115(2), 118(2), 76, 352, 351, 3(5) भा0 न्या0 सं0 एवं धारा – 3 (1) (r) (s) / 3 (2) (va) of Sc/St Act के अंतर्गत समर्पित किया गया है अन्य प्राथमिकी दो अभियुक्तगण 1. श्रेयांस राज 2. चिन्ता देवी को उपरोक्त वर्णित आरोप पत्र में अनुप्रेषित दिखाया गया हैं।

अभिलेख का अवलोकन किया। वाद के आरोप पत्र एवं वाद दैनिकी के अवलोकन से प्रतीत होता हैं कि प्राथमिकी दो अभियुक्तगण 1. श्रेयांस राज 2. चिन्ता देवी को पारा – 45 में वर्णित स्वतंत्र साक्षी सुनील राम का बयान, पारा–46 में वर्णित स्वतंत्र साक्षी कृष्ण कुमार का बयान, पारा–47 में वर्णित स्वतंत्र देवेन्द्र प्रसाद सिंह का बयान एवं पारा – 48 में वर्णित पुलिस गुप्तचर का बयान एवं पर्यवेक्षण टिप्पणी से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर ज्ञात होता हैं कि उपरोक्त दोनों अभियुक्तों की संलिप्तता घटना कांड में नही हैं। शेष अभियुक्तगण 1. नवीन कुमार, 2. रंजन कुमार सिंह उर्फ धर्मराज कुमार 3. सुजीत कुमार के विरूद्ध धारा – 126, 115(2), 118(2), 76, 352, 351, 3(5) भा0 न्या0 सं0 एवं धारा – 3 (1) (r) (s) / 3 (2) (va) of Sc/St Act के अंतर्गत प्रथम दृष्ट्या मामला बनता है।

अतः ऐसी स्थिति में प्राथमिक अभियुक्तगण 1. नवीन कुमार, 2. रंजन कुमार सिंह उर्फ धर्मराज कुमार 3. सुजीत कुमार के विरूद्ध धारा – 126, 115(2), 118(2), 76, 352, 351, 3(5) भा0 न्या0 सं0 एवं धारा – 3 (1) (r) (s) / 3 (2) (va) of Sc/St Act के अंतर्गत संज्ञान लिया जाता है।

<u>In the Court of District & Additional Sessions Judge-1st,</u>
<u>SC/ST Case No. - 79/2025</u>

<u>लगातार</u>

कार्यालय लिपिक अनुपस्थित अभियुक्तों की उपस्थिति हेतु सम्मन निर्गत करें। वाद दिनांक ....14.10.2025.... वास्ते उपस्थिति।

लेखापित

**DASJ 1st**